हकदार नहीं है । उसको वहां से हटा दिया । वह तो ठीक किया, लेकिन जब तक वह मकान में रहा, तब तक के लिए उस ग़रीब चपरासी से पीनल रेंट वसूल किया गया । ग़लती उसकी नहीं है । उसे आवंटन करने की ग़लती किसी अधिकारी ने की और सज़ा उस बेचारे को मिली । मैंने यह उदाहरण दिया है, क्योंकि वह बेचारा मेरे पास रोज़ आता है । मैं एस्टेट डिपार्टमेंट को टेलीफ़ोन खटखटाता रहता हूं । मैंने आवेदनपत्र पर भी लिख दिया कि यह अन्याय कैसे हो रहा है ।

ये बातें दिल्ली में सरकार की नाक के नीचे हो रही हैं । सरकार ग़रीबों को उजाड़ कर मीलों दूर भेज देती है और उनके लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं करती है । उन्हें सरकारी ज़मीनों से हटाने से पहले कोई वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए, क्योंकि जनतंत्र में सब को खाना, कपड़ा और मकान पाने का अधिकार है । सरकार उन्हें मकान दे दे और अपनी ज़मीन ख़ाली करा ले, किसी को विरोध नहीं होगा, लेकिन सरकार ऐसा न करके उन बेचारों को दर-दर का भिखारी बना देती है ।

मैं पटना की भी एक मिसाल देना चाहता हूं । पटना में एक कौशलनगर है, जिसका नाम बिहार के एक पिछले राज्यपाल के नाम पर रखा गया है । वे भारत सरकार के मकान नहीं हैं, बिहार सरकार के हैं । उस कालोनी को बेघरों को घर देने के नाम पर बनाया गया है । जो ग़रीब हरिजन उन मकानों के अधिकारी हैं, उनको तो मकान मिलता नहीं है । अनधिकृत लोग वहां पर बैठे हुए हैं । सरकार इस बारे में कुछ नहीं कर पाती है, क्योंकि उसमें आपके कुछ राजनैतिक समर्थक भी हैं—हमारे समर्थक भी हो सकते हैं और आपके भी हो सकते हैं । अगर किसी ने ग़लत ढंग से किसी मकान पर कब्ज़ा कर लिया है, तो उसको हटा देना चाहिए ।

दानापुर कैन्टूनमेंट एरिया में लोग 70, 80 और 100 बरसों से रहते हैं, लेकिन उन मकानों के सम्बन्ध में उनके नाम नहीं लिखे जाते हैं । सरकार कहती है कि वह तो हमारी सम्पत्ति है । जब पुश्त दर पुश्त से लोग उस में रह रहे हैं तो आप की सम्पत्ति कैसे हुई ? आप उन का नाम नहीं चढ़ाते, अगर वह कोई आलटरेशन करना चाहते हैं या कुछ बनाना चाहते हैं तो उसकी इजाजत नहीं देते । तो यह कैसी बात है ? यह बात उचित नहीं लगती । इस तरफ भी आपको ध्यान देना चाहिए ।

सामर्थ्यवान लोग, भूतपूर्व विधायक और ऐसे लोग मंत्री जी जानते हैं पटना में सरकारी मकानों पर कब्ज़ा आज से नहीं वर्षों से किए बैठे हैं । छग्गू बाग की तरफ आप चले जाइए, पता चल जायगा, मैं नाम नहीं बताऊंगा । न वह एम० एल० ए० हैं, न एम० एल० सी० हैं, न कुछ हैं लेकिन कब्ज़ा किए बैठे हैं । ऐसे कई उदाहरण आप को मिल जाएंगे । तो उन के लिए इस तरह की व्यवस्था और गरीब अगर कहीं सरकारी जमीन पर बैठा है तो उसको झट निकालने की व्यवस्था यह कहां तक उचित है ? बड़े-बड़े व्यापारी आप की जमीनों पर यहां बैठे हैं, अभी श्रीमती कृष्णा साही जी कह रही थीं, बड़े-बड़े लोग जो इस तरह मकानों में बैठे हैं उनको आप नहीं निकाल पाते और झुग्गी झोंपड़ी वाले को निकाल कर फेंक देते हैं । यह नहीं होना चाहिए । स्टैंडर्ड एक रखिए । अगर ऐसा नहीं करेंगे तो लोगों में असंतोष होना स्वाभाविक है । इसीलिए यह समस्या हल नहीं होती । पटना में श्रीकृष्ण नगर में, श्रीकृष्णपुरी में चले जाइए, वहां आप पाएंगे बड़े-बड़े सामाजिक नेता और राजनैतिक नेता मकानों पर कब्ज़ा कर लिए और सरकार ने उन को दे दिया या नहीं दिया तब भी कब्ज़ा किए हुए हैं । यह क्या बात है ?

मेरा निवेदन है, दिल्ली हो, पटना हो, बम्बई हो या कलकत्ता हो, अगर यह आप का

कानून है तो इसको हृदयहीनता के साथ लागू मत कीजिए, सहृदयता के साथ लागू कीजिए और गरीब के ऊपर ध्यान दीजिए । जो धन्ना सेठ और बड़े-बड़े लोग हैं उन को जरूर बेरहमी के साथ निकालिए । यह करेंगे तब तो आप का कानून ठीक से कार्यान्वित हो सकेगा, नहीं तो तरह-तरह की दिक्कत होगी । लोग आन्दोलन करेंगे, ला ऐंड आर्डर का सवाल होगा, फिर आप को परेशानी होगी । यही मुझे आप से निवेदन करना था और एक तरह से दोस्ती की चेतावनी भी देनी थी कि इधर आप का ध्यान रहना चाहिए ।

श्री नवल किशोर शर्मा (दौसा) : उपाध्यक्ष महोदय, जहां तक इस विधेयक का ताल्लुक है मैं इसका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं । इस विधेयक को लाने का जो उद्देश्य है वह अपने आप में एक अच्छा काम है। केन्द्रीय सरकार की बहुत सी भूमि पर, बहुत से मकानों पर लोगों ने अनधिकृत कब्जा कर रखा है । एक बहुत लम्बा चौड़ा प्रोसीजर, एलाबोरेट प्रोसीजर होने के कारण कई दफा अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मुझे व्यक्तिगत तौर पर जानकारी है कि एक संसद् सदस्य को एक मकान एलाट हुआ, उस मकान का कब्जा लेने में कितनी मुश्किलों का सामना करना पड़ा । इसलिए इस बिल के उद्देश्य के बारे में दो राय नहीं हो सकती । एक नहीं अनेक लोग कानून के नाम पर इस तरह के अनधिकृत कब्जों को रखने की चेष्टा करते हैं और ज्यादातर एक बात और होती है, मैं शास्त्री जी की इस बात से सहमत हूं कि जो अखबार या बड़े-बड़े सरमायेदार लोग होते हैं वही इसका फायदा उठाते हैं, गरीब को तो इसका कोई फायदा उठाने का मौका भी नहीं मिलता, इसलिए जहां तक इस कानून का ताल्लुक है इस कानून के मकसद से मैं सहमति व्यक्त करता हूं ।

लेकिन एक बात मैं कहना चाहता हूं, इस मौके का फायदा उठाते हुए कि इस देश की हाउसिंग समस्या का समाधान करने के लिये मंत्री जी को कारगर कदम उठाना चाहिए । आज सब से बड़ा सवाल यह है कि इस देश के शहरों में गन्दी बस्तियां और स्लम्स बढ़ते जा रहे हैं । खाली शहर की बात ही नहीं है, अब तो एक और नयी बात होने लगी है, दुर्भाग्य से हमारे नेशनल हाईवेज और दूसरे हाइवेज पर भी कच्ची दूकानें और झोपड़ियां बेतहाशा नये तरीके से अनधिकृत तरीके से बनती जा रही हैं । और वह गन्दगी का एक बहुत बुरा दृश्य उत्पन्न करते हैं । कृषि की जमीनों पर हजारों मकान अनधिकृत तरीके से बनते जा रहे हैं । कोआपरेटिव सोसायटीज के नाम पर खरीद-फरोख्त करके बहुत बड़ा काला धन पैदा किया जा रहा है। मेरी मान्यता है कि सरकार को उस काले धन पर अंकुश लगाने के लिए भी इस बात की जरुरत है कि जो कृषि की जमीन की खरीद-फरोख्त होती है, गरीब से वह जमीन ली जाती है, सस्ते दामों पर ली जाती है और उसके बाद उस जमीन के प्लाट काट कर लाखों रुपया कमाया जा रहा है और सरकार इस बारे में कान में तेल डाल कर सो रही है, ऐसा नहीं होना चाहिए । मैं जानता हूं मंत्री महोदय कह सकते हैं कि यह स्टेट्स का सवाल है, यह सही है, लेकिन इस समस्या को हल करने के लिये उनको राज्य सरकारों से बात करनी चाहिए इस बात की ओर ध्यान दिया जाना चाहिए कि इस तरह से जो कृषि की जमीनों पर सड़कों के सहारे अनधिकृत तौर पर कब्जे होते जा रहे हैं, मकान बनते जा रहे हैं, दूकानें बनती जा रही हैं और करोड़ों रुपया होशियार लोग कमा

[श्री नवल किशोर शर्मा]

रहे हैं, ब्लैक-मनी अर्जित होता जा रहा है, उसको रोका जाए । इस सम्बन्ध में कारगर कदम उठाने के लिए हम मंत्री जी से आश्वासन चाहते हैं क्योंकि यह एक राष्ट्रीय समस्या है और इसका समाधान होना ही चाहिए ।

साथ ही साथ आपने शहरों के लिए तो हुडको या दूसरे माध्यमों से मकान बनाने के बारे में सोचा है, विचारा है, लेकिन क्या आपने गांवों और कस्बों के गरीब लोगों के ऊपर भी कोई ध्यान दिया है ? मैं मंत्री जी से खास तौर से कहना चाहता हूं कि बीस सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत आपने गरीबों को जमीने तो दीं थीं, उन जमीनों पर कुछ लोगों को कब्जा मिला और कुछ को नहीं मिला, इस बात को तो आप छोड़ दीजिए, लेकिन उनको मकान बनाने के लिए कुछ असिस्टेंटस का प्रावधान कीजिएगा या नहीं ? क्योंकि हर आदमी इस देश में इतनी बात का तो अधिकारी है कि वह सर्दी में और गर्मी में एक छप्पर के नीचे अपना सिर ढक सके । इसलिए इस बारे में आपको सोचना-विचारना चाहिए ।

साथ ही इस समस्या के समाधान के लिए मैं बहुत आंकड़ों में नहीं जाना चाहता, डागाजी ने आंकड़े देकर यह सिद्ध किया और बताया कि इस देश में करोड़ों लोग बेघर हैं और उन लोगों की तादाद घटने के बजाए बढ़ती जा रही है । इसके पीछे सारी समस्या यह है कि आबादी की बढ़ोत्तरी के साथ-साथ यह समस्या भी बढ़ती जा रही है। मेरा आपसे आग्रहपूर्वक निवेदन है कि बेघर वालों के लिए घर की समस्या का समाधान करने के लिए कोई निश्चित राष्ट्रीय नीति बनाकर कम से कम छठी पंचवर्षीय योजना में कुछ समाधान निकाला जाना चाहिए कि जितने बेघर लोग हैं उनकी तादाद अगर घटे नहीं तो बढ़े भी नहीं । मैं जानता हूं इस तादाद का घटाना बड़ा मुश्किल काम है लेकिन इस तादाद को आप इस लेबिल पर भी रख सकेंगे तो मेरी ऐसी मान्यता है कि आप शायद एक बड़ा काम कर सकेंगे ।

मैं इस विधेयक का स्वागत करते हुए और एक बात यह कहते हुए कि हम विधेयक तो पास कर देते हैं लेकिन उस पर अमल कितना होता है यह भी देखने की जरूरत होती है, मैं इसका समर्थन करता हूं । ऐसे एक नहीं अनेक उदाहरण हैं कि कुछ बड़े निहित स्वार्थी लोगों ने बरसों से अनधिकृत कब्जे कायम कर रखे हैं । क्या मंत्री जी कोई ऐसा आश्वासन देंगे कि एक निश्चित अवधि के अन्दर ऐस जो अनधिकृत कब्जे हैं उनको वे दूर कर सकेंगे, हटा सकेंगे । हम पावर आपको दे रहे हैं, लेकिन उस पावर का इस्तेमाल भी आप करेंगे। या नहीं ? इसलिए इस बारे में मैं आपसे आश्वासन चाहता हूं ।

इन शब्दों के साथ मैं उपाध्यक्ष महोदय आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया ।

श्री राम सिंह यादव (अलवर) : उपाध्यक्ष महोदय, इस विधेयक का समर्थन करते हुए मेरी मान्यता है कि मूल अधिनियम में जो अभाव थे उन को दूर करने के लिये यह सफल प्रयास है । मूल अधिनियम में "प्रेमिसिज" की व्याख्या बड़ी सीमित थी और अब माननीय मंत्री जी ने "प्रेमिसिज" की व्याख्या को स्पष्ट किया है तथा उस में सरकारी भवनों और सरकारी सम्पदाओं को शामिल किया है जिन के बारे में सरकारी नियन्त्रण होते हुए भी सरकार कोई कदम नहीं उठा सकती थी । इस

विधेयक के द्वारा अब सरकार को वह शक्ति मिलेगी, सरकार में क्षमता आयेगी कि वह उस के बारे में आगे कार्यवाही कर सके । जैसे पोर्ट ट्रस्ट के बारे में था, यूनीवर्सिटी जैसी आटोनामस बाडीज के बारे में था, अन्य सरकारी संस्थाओं के बारे में था, पहले उन के भवनों के सम्बन्ध में सरकार द्वारा कार्यवाही नहीं की जा सकती थी, लेकिन इस मौजूदा अधिनियम से वह अधिकार अब सरकार को मिल जायेगा ।

इस के साथ ही इस अधिनियम के द्वारा माननीय मंत्री जी ने जो सराहनीय कार्य किया है, वह यह है कि इस से पहले सरकारी भूमि, सरकारी भवन या सरकारी सम्पदा पर यदि किसी व्यक्ति ने अनधिकृत रूप से कोई निर्माण कार्य कर लिया है, तो उस को रोकने के लिये मूल अधिनियम में सरकार को कोई अधिकार नहीं था और न उस निर्माण कार्य को तोड़ने या हटाने का या उस निर्माण कार्य के एवज में जो डेमेजेज हुए हैं उन को लागू करने का अधिकार था । लेकिन मैं माननीय मंत्री जी से नम्र शब्दों में एक निवेदन करना चाहूंगा– मुझे भय है कि यह अधिनियम किसी सक्षम न्यायालय में जाने के बाद–इस की धारा 4 स्ट्रक-डाउन न हो जाय । इस का कारण यह है कि किसी भी नियम का इन्टरप्रेटेशन आफ़ लाज करते समय फण्डामेंटल राइट्स में जो अधिकार एक नागरिक को मिले हुए हैं उन को दृष्टि में रखते हुए किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध यदि आप निर्णय देते हैं तो उस व्यक्ति को जब तक आप सूचना नहीं देंगे, तब तक उस के खिलाफ़ कोई कार्यवाही नहीं कर सकते । यह कानून में सर्व-मान्य सिद्धांत है । इस की धारा 4 में आप ने कहा है कि यदि चाहें तो व्यक्तिगत रूप से सुनवाई कर सकते हैं, वरना नहीं । इस के अनुसार नोटिस के तामील के लिये जो मौका दिया है, उस में व्यक्तिगत तामील होना लाजमी नहीं है—यह इस में बहुत बड़ी कमी है । न्यायालय में जा कर इस मुद्दे पर कभी भी आप को नीचा देखना पड़ सकता है, यह धारा स्ट्रक-डाउन हो सकती है । आप जानते हैं कि किसी सम्मन की तामील के लिये बहुत से मोड़ दिये हुए होते हैं, जैसे सिविल प्रोसीजर कोड में 1976 में संशोधन कर के यह प्रावधान कर दिया गया है कि यह जरूरी नहीं है कि व्यक्तिगत तामील हो । यदि पोस्टल रजिस्टर्ड ए० डी० से भी भेज देंगे तो उसे तामील माना जायेगा । आप ऐसा संशोधन इस में भी क्यों नहीं करते हैं जिस से इस एक्ट को कानूनी तरीके से चुनौती न दी जा सके ।

एक बात यह कहना चाहता हूं कि इस में पहले नोटिस का जो 10 दिन का समय था उस को 7 दिन कर दिया गया है, अपील में 15 दिन को घटा कर 12 दिन किया है और उस को निकालने के लिये पहले जो 30 दिन का अवसर था उस को कम कर के 15 दिन कर दिया है, मैं समझता हूं कि इस से कोई विशेष फायदा होने वाला नहीं है । अपील में तीन दिन घटाने से क्या फर्क पड़ेगा, इस को 15 दिन की बजाय 12 दिन क्यों कर रहे हैं, इस का कोई कारण नहीं दिया गया है । इसी तरह से नोटिस को 10 दिन के स्थान पर 7 दिन किया गया है, इसका भी कोई कारण नहीं दिया गया है मैं सुझाव देना चाहता हूं कि सरकार इस पर गम्भीरता से ग़ौर करे । एक तो व्यक्तिगत सर्विस के बारे में कि उस को नोटिस की तामील जरूर होनी चाहिये । यह बहुत लाजमी मुद्दा है, मैंने आज तक, 25 साल तक मुझे वकालत करते हुए हो गये, नहीं देखा कि किसी

[श्री राम सिंह यादव]

व्यक्ति के खिलाफ आप कोई निर्णय दें और तामील के लिये कोई प्रावधान ही न करें । यह तो ऐसा कानून हो जायेगा, जिस को किसी भी समय अदालत में चुनौती देने पर स्ट्रक-डाउन किया जा सकेगा ।

That may be struck down at any stage a any time. You should take special precau tion with reference to this Clause No. 4

इस के साथ-साथ मैं यह निवेदन करना चाहूंगा—मैं मानता हूं कि इस में आप के सीमित अधिकार हैं, लेकिन इस के साथ-साथ यह भी देखना है कि इस में जो नियम आप बनाने जा रहे हैं और जिन के बारे में सबोर्डिनेट लेजिस्लेशन कमेटी ने यह अपेक्षा की है कि आप उन को पार्लियामेंट में रखेंगे और जैसे किसी अधिनियम के तहत नियम बनते हैं, वैसे ही बनायेंगे ।

मैं यह भी चाहूंगा कि जो नियम आप बनायें वे निश्चित हों । विशेष कर आवंटन के नाम पर आप ने अब तक जो नियम बनाये हैं वे बहुत शिथिल हैं । सरकारी सम्पदा और सरकारी भवनों के बारे में आवंटन के नियम निश्चित होने चाहियें । 28 नवम्बर के इण्डियन एक्सप्रेस में निकला है कि आप के बहुत से अफसर ऐसे हैं जिन को अच्छी तनख्वाह मिलती है, दिल्ली में या दिल्ली से बाहर उन के पास खुद के कई लाख के मकान हैं, जिस में वे रह सकते हैं, लेकिन वे उन में खुद न रह कर दूसरों को किरायों पर दे देते हैं और सरकारी मकान अपनी रिहाइश के लिये एलाट कराते हैं । इसी सम्बन्ध में एक सवाल का जवाब देते हुए मंत्री महोदय ने कहा है—

"Originally, no restrictions were imposed on allotment of government accommodation to officers owning houses at or near stations of their posting. Rule of 'ineligibility in this regard was introduced on 1st February, 1950. It continued to be in force till May, 1966 when it was decided to withdraw this rule and the officers owning houses also became eligible for allotment of General Pool accommodation on payment of normal rent. On the basis of the recommendations of the National Council (JCM) a decision was taken by the Govt. and orders were issued in September, 1975 to the effect that Central Government employees owning houses at the places of their posting or within the local or adjoining municipal limits, would not be entitled to allotment of Govt. accommodation and those already in occupation of Government accommodation were required to vacate the same by the end of December, 1975, failing which, they were liable to be charged market rate of licence fee so long as the Govt. residence was retained by them.

"In the wake of implementation of this decision, many representations were received about the hardships that the house-owning officers were facing. The Government considered the difficulties faced by the various house-owning officers and decided that the then existing restrictions should be modified with effect from 1st June, 1977, making house-owning officers eligible for Government accommodation on normal terms, provided the income from the private house did not exceed Rs. 1,000/- p. m. ....."

मैं मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहता हूं कि यह जो आप का जवाब है, इस के मुताबिक अब भी उन को छूट देते हैं । जो व्यक्ति एक हजार या दो हजार की रेंज का व्यक्ति है और जिस को एक हजार रुपया किराया आता है, उस के लिये आप कहते हैं कि आवंटन के नियमों के अनुसार उस को एलाटमेंट हो सकती है । इस का असर यह पड़ता है कि जो गरीब आदमी है, जिस के पास कोई दूसरा साधन नहीं है, उस को मकान नहीं मिलता । इन अफसरों को आप कन्सेशनल रेट पर जमीन एलाट करते हैं, उस के बाद मकान बनाने के लिये लोन देते हैं, लोन की रिकवरी इंस्टालमेंट में करते हैं, उस के बावजूद भी उस को

सरकारी मकान देते हैं । लेकिन गरीब आदमी है, बाहर से आ कर यदि उस को किसी तरह से नौकरी मिलती है तो एलिजिबिल होते हुए भी इन के कारण उस की एलिजिबिलिटी पीछे पड़ जाती है । नियम बनाते समय मैं चाहता हूं कि आप इस बात को भी धयान में रखें ।

हमारे संविधान के जो डायरेक्टिव प्रिन्सिपल्ज हैं उन में कल्याणकारी राज्य का प्रावधान है, आप से कल्याणकारी राज्य स्थापित किये जाने की अपेक्षा की जाती है । हाउसिंग मंत्रालय में आप इस तरह की व्यवस्था करेंगे जिस से ज्यादा से ज्यादा लोगों को मकान दे सकें । आप का महकमा मानवीय दृष्टिकोण को ले कर चलता है, "बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय" आप के महकमे का उद्देश्य है और हमारे दोनों मंत्री—सिंह साहब और आरिफ साहब—उस मानवीय दृष्टिकोण को अपने ध्यान में रखते हुए इस विधेयक पर विचार करेंगे ।

इन शब्दों के साथ मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं ।

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND WORKS AND HOUSING (SHRI BHISHMA NARAIN SINGH): I am grateful to the hon. Members, particularly those who partjcipated in the debate-Sarvashri Shamanna, Daga and Suryanarayan Singh, Shrimati Krishna Sahi, Shri Chakroborty, Shri Arakkal, Shri Ramavatar Shastri, Shri Nawal Kishore Sharma and Shri Ram Singh Yadav. I am extremely grateful to all of them. What I could understand from the valuable suggestions that they gave was that we have to have a humanitarian approach in solving the housing problem. This is correct. But this Bill, as a matter of fact—this Bill with which I have come before this august House—concerns eviction of those properties which are on government land, particularly Central Government land.

The Act of 1971 was already there and this is an enabling provision for which I have come to this august House. No doubt we are enlarging the definition of 'public premises' to cover major ports etc.. This will help to minimise the difficulties felt by them in removing unauthorised occupants from their premises. The additional powers conferred by this Bill on State Officers are mainly aimed at proper utilisation of perishable goods as well as realisation of arrears from the defaulters. This Bill also aims at reducing the delay experinced in completing the eviction process. With delay many evils take place and I do not want to go into them.

Shri Shamannaji raised to points—encroachment on public land in Bangalore City and the Cantonment. His second point was about the belatedness of the introduction of the amending Bill. In regard to the first point, it may be mentioned that the public Premises Eviction of Unauthorised Occupants Act cannot be applied to encroachment or other unauthorised occupation of or construction on land belonging to State governments. The Act can applied only to the public premises belonging to the Central Government and other bodies as defined in the Act. About his second point, we had a Review committee set up by the government and we have to go through in detail so that we may bring a comprehensive amendment. Thereofore, it took some time. Moreover, we had to consult the Law Ministry and other Ministries. As you know this was the usual procedure and this was the reason for delay and there was no other reason.

Shri Bhagat—though he is not present, Shri Suryanarayan Singh and Shri Chakravartyji supported the Bill and their suggestion I have noted. It is a very correct suggestion—that after eviction, what has to be done to those who are evicted. That is correct and you know that in reply to a supplementary question in this august House recently I had said that this government will always have a humanitarian approach in tackling such problems even though there is unauthorised occupation in any colony or area which has come up unauthorisedly. Unauthorised colonies are there, even in Delhi—the trans-Jamuna area and other areas, you know. In reply to a question I had said that this government will keep a humanitarian approach in solving this problem.

SHRI SAMAR MUKHERJEE (Howrah): Why not you first prepare the alternative accommodation and then evict ?

SHRI BHISHMA NARAIN SINGH: You have seen that the Juggi-Jhopri removal scheme was implemented....

SHRI SAMAR MUKHERJEE: First built alternative accommodation and then remove them. Then nobody will object.

SHRI BHISHMA NARAIN SINGH : At that time, about 2 lakhs plots and tenements were allotted to Jhuggi-Jhopri dwellers upto March 1977. Recently also we have decided in principle to provide resettlement facilities to squatters in residential areas.

Recently we have also decided about this. This is a difficult problem. Mr. Daga and Mr. Shamanna, while speaking, also mentioned about the difficulty. That is correct.

SHRI SAMAR MUKHERJEE: What about the man who is living there whose source of income you deprive of when you remove him from there ? He is deprived of his source of income and the family is bound to suffer. So, that should not be done.

SHRI BHISHMA NARAIN SINGH: Your suggestion is well taken. Therefore, I am trying that nobody is *suo motu* removed. This is a humanitarian problem. The Centre will see that as far as possible nobody is *suo motu* removed. This is a wrong thing. I want you all to accept the realistic decision that we have taken.

Shri Arakal raised some points. He had some doubt about this. This act won't operate in the union territories other than Delhi. It is not a fact; it will operate in all the union territories. The State Governments have their own rights to operate this. Shrimati Krishna Sahi suggested that there should be a human approach. There cannot be two opinions on this. We shall keep the human approach in mind while solving the problem.

Shri Shastri Ji pointed out about the discrimination between lowest and highest paid employees when evicting them after retirement. There are provisions in the allotment rules which are applicable to the employees—small or big. Shri Daga suggested about the time taken, this and that. A Committee had gone into details. Whatever experience we had in implementation of the original act, was felt necessary here also.

Therefore, I consider this Bill to be non-controversial and it has a wider support from every section of the House. Shri Ram Singh Yadav wanted enlargement of the definition of the Public Premises Act to include universities and other autonomous bodies.

SHRI RAM SINGH YADAV: That is there.

SHRI K. P. UNNIKRISHNAN (Badagara): What about the C.S.I.R. and other institutions ?

SHRI BHISHMA NARAIN SINGH : That is registered under the Societies Registration Act.

Once again, I thank the members who took keen interest in this Bill. I now request my friends Shri M. C. Daga and Shri Shamanna to withdraw their amendments. This Bill is not such a complicated measure as would require circulation to the States or reference to the Select Committee.

MR. DEPUTY-SPEAKER : That is the usual demand of Shri M. C. Daga.

SHRI BHISHMA NARAIN SINGH: I commend the motion for acceptance of this august House.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Mr. Shamanna, are you withdrawing your amendment ?

SHRI T. R. SHAMANNA (Bangalore South): I am withdrawing it.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Has the hon. Member leave of the House to withdraw his amendment ?

Amendment No. 1 was, by leave, withdrawn.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Mr. Daga, are you withdrawing your amendment No. 2 ?

SHRI MOOL CHAND DAGA : Yes, Sir. I am withdrawing my amendment.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Has the hon. Member leave of the House to withdraw his amendment ?

Amendment No. 2 was, by leave, withdrawn.

MR. DEPUTY-SPEAKER : I shall now put the motion for consideration of the House.

The Question is:

"That the Bill to amend the Public Premises (Eviction of Unauthorised Occupants) Act, 1971, be taken into consideration.

The motion was adopted.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now, we shall take up clause-by-clause consideration of the Bill. As there are no amendments to clauses 2 to 13, I shall put them together. The question is:

"That clauses 2 to 13 stand part of the Bill".

The motion was adopted.

Clauses 2 to 13 were added to the Bill.

Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

SHRI BHISHMA NARAIN SINGH: Sir, I beg to move:

"That the Bill be passed.

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That the Bill be passed."

The motion was adopted.

17·56 hrs.

JUTE COMPANIES (NATIONALISATION) BILL.

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House will now take up the next item on the agenda standing in the name of Shri Pranab Kumar Mukherjee.

THE MINISTER OF COMMERCE AND STEEL AND MINES (SHRI PRANAB MUKHERJEE): Sir, with your permission I beg to move†:

> "That the Bill to provide for the acquisition and transfer of the undertakings of the jute companies specified in the First Schedule with a view to securing the proper mangement of such undertakings so as to subserve the interests of the general public by ensuring the continued manufacture, production and distribution of articles made of jute, which are essential to the needs of the economy of the country and for matters connected therewith or incidental thereto, be taken into consideration."

Sir, it is known to the hon. Members that so far as jute is concerned it is a very important sector so far as the economy of the Eastern sector is concerned. Presently, more than 2·5 lakh people are employed in the jute industry. Apart from its importance as foreign exchange earner it has to cater the need of the domestic industry also. The present Bill proposes to nationalise five jute units which were taken over from thI period between 1977 onwards. Before they were taken over and placed under the mangement of the authorised representatives of the Government of India investigations under the Industrial Development and Regulation Act were conducted and in some cases the views of the High Court were also obtained. After these units have been taken over and are being managed it is found that it is necessary to provide adequate furds for the modernisation of these units. While providing the funds for modernisation it was found that money was to be injected from the financial institutions they pointed out that they were not in a position to invest fresh money because the net worth of these units was negligible and they suggested that government should provide adequate funds without interest so that the matching grant might come from the financial institutions and there could be a total package revival of these units.

18 hrs.

Now, the question before the government was if they were to invest fresh capital and provide interest-free loan naturally they would like to have total control. So far, the unit is taken over under IDR and therefore only management taken over it is not owned by government and it would not be wise for the government to invest money on something which is not owned by them.

If you permit me, Mr. Deputy Speaker, I can continue my observations tomorrow.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Yes, you can continue your speech next time.

18·01 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the clock on Friday, December 5, 1980/ Agrahayana 14, 1902 (Saka).

† Moved with the recommendation of the President.

GMGIPND—Job III—2777 LS—16-1-81—890